भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 69 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 26 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


# हाईकोर्ट का बड़ा फैसलाः पंचायत चुनाव कराने के एकलपीठ के आदेश पर डिवीजन बेंच ने लगाई रोक

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

राजस्थान में पंचायत चुनावों को लेकर बड़ा मोड़ आ गया है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सोमवार को एकलपीठ के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें सरकार को जल्द चुनाव कराने और प्रशासकों को हटाने के निर्देश दिए गए थे। इससे अब पंचायत चुनाव टलने की संभावना और बढ़ गई है।

राज्य सरकार की ओर से दायर अपील पर सुनवाई करते हुए जस्टिस एस.पी. शर्मा की बेंच ने कहा कि पंचायत चुनाव से जुड़ी याचिका और परिसीमन पर पहले ही डिवीजन बेंच फैसला सुरक्षित रख चुकी है। ऐसे में इस मामले में एकलपीठ का हस्तक्षेप उचित नहीं है।




सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने दलील दी कि सरकार की नीति वन स्टेट, वन इलेक्शन के तहत पंचायत और निकाय चुनाव एक साथ कराने की है। इसी वजह से कार्यकाल पूरा कर चुके सरपंचों को अस्थाई तौर पर प्रशासक नियुक्त किया गया, ताकि पंचायतों का दैनिक कार्य प्रभावित न हो। बाद में शिकायतें मिलने पर कुछ प्रशासकों को हटाया भी गया, लेकिन इससे किसी प्रकार की विधिक क्षति नहीं हुई।

गौरतलब है कि हाईकोर्ट की एकलपीठ ने 18 अगस्त को दिए आदेश में पंचायत चुनाव जल्द कराने और प्रशासकों के हटाने के निर्देश दिए थे। इस फैसले के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने भी तुरंत चुनाव कराने की घोषणा कर दी थी।

वहीं सरकार ने इसे डिवीजन बेंच में चुनौती देते हुए कहा कि परिसीमन, नए जिलों का गठन और वार्डों के पुनर्गठन में समय लग रहा है, इसलिए फिलहाल चुनाव कराना संभव नहीं है।

# मकान से अफीम व गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



हनुमाननगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए एक रहवासी मकान से अफीम, डोडाचूरा और गांजा बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी गणेश मीणा ने बताया की मुखबिर से सूचना मिली कि कुचलवाड़ा रोड पर एक मकान में अवैध मादक पदार्थ छिपाकर रखे गए हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर मकान की तलाशी ली तो तलाशी में पुलिस को 400 ग्राम अफीम, एक किलो अफीम डोडाचूरा और 4.5 किलो गांजा मिला। मौके से आरोपी शंकर लाल खटीक पुत्र रामपाल खटीक निवासी कुचलवाड़ा रोड हनुमाननगर को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# इंजन चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

सदर थाना पुलिस ने इंजन चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी कैलाश कुमार विश्नोई ने बताया की बीते वर्ष 6 अगस्त को रमेश पुत्र कन्हैयालाल तेली निवासी सिद्धियास हाल निवासी प्रतीकनगर, थाना सुभाषनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके प्रियदर्शिनी कॉलोनी स्थित मकान से अज्ञात चोर दो पानी के इंजन चुरा ले गए। इस पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस ने जांच के दौरान तकनीकी सहायता व मुखबिर तंत्र की मदद से संदिग्धों की तलाश की। इस दौरान सांवरलाल पुत्र जगन्नाथ जाट निवासी सुवाणा थाना सदर तथा किशन पुत्र विनोद लुहार निवासी सुवाणा थाना सदर को डिटेन कर पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदात करना कबूल किया, जिस पर दोनों को गिरफ्तार किया गया है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

### नयन हत्याकांड पर भीलवाड़ा में उबाल

# दोषियों को फांसी और बुलडोजर कार्रवाई की मांग, अहमदाबाद घेराव की चेतावनी





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**मूलचंद पेसवानी**

गुजरात के अहमदाबाद में 10वीं के छात्र नयन यूवी सिंधी की हत्या के खिलाफ सोमवार को भीलवाड़ा में गहरा आक्रोश देखने को मिला। जिले की विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में समाजजनों ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री राजस्थान, मुख्यमंत्री गुजरात और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें दोषियों पर फांसी की सजा और उनके घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग की गई।

सिंधु संस्कार सेवा समिति के अध्यक्ष हरीश मानवानी ने कहा कि यह घटना न केवल सिंधी समाज बल्कि पूरे देश के लिए हृदयविदारक है। उन्होंने चेतावनी दी कि ÷जरूरत पड़ी तो हम अहमदाबाद में घेराव करेंगे। पुलिस अपने डंडे तैयार रखे, हमारी हड्डियां टूट सकती हैं लेकिन हौसले नहीं।÷

ज्ञापन में स्कूल प्रबंधन पर मुकदमा दर्ज करने, मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता व सरकारी नौकरी देने और सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। साथ ही देशभर के स्कूल परिसरों में हथियार और मांसाहार पर रोक लगाने की भी मांग उठी। इस दौरान दादे साहब झूलेलाल मंदिर, सिंधु नगर, सिरक्की मोहल्ला, बापूनगर, शास्त्री नगर, पंचवटी और चन्द्रशेखर आजाद नगर सहित कई मंदिरों के प्रतिनिधि, व्यापारिक वर्ग और झूलेलाल टीम के पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में दोषियों को कठोरतम सजा देने की मांग की।

गौरतलब है कि नयन सेवेंथ डे स्कूल, अहमदाबाद में 10वीं कक्षा का छात्र था। छुट्टी के बाद सहपाठी से हुए विवाद में आरोपी छात्र ने बैग से चाकू निकालकर नयन पर वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल नयन की इलाज के दौरान मौत हो गई।

भीलवाड़ा में समाजजनों ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा और अहमदाबाद में घेराव होगा।

# कारोई पुलिस ने 48 घंटे में सुलझाई बाइक चोरी की वारदात

**भीलवाड़ा फोकस @ कारोई**



थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए मात्र 48 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद कर ली।

थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि 24 अगस्त की रात कारोई निवासी प्रह्लाद बैरवा ने रिपोर्ट दी थी कि उसकी बाइक पेट्रोल पंप पर खड़ी थी। रात करीब 1 बजे दो युवक बाइक चोरी कर भाग निकले। पीछा करने पर भी वे हाथ नहीं आए। इस पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच शुरू की ।

घटना के बाद करीब 10 सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आरोपियों के मूवमेंट का पता लगाया। लगातार प्रयासों के बाद 48 घंटे में ही चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए आरोपी नारायण नायक (40) पुत्र भंवरलाल नायक, निवासी लालपुरा, थाना राशमी चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल जब्त कर ली है।

# सूठेपा में बजरी से भरे ट्रैक्टरों ने मचाया उत्पात, पुलिस ने जब्त किए पाँच वाहन





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

बड़लियास थाना क्षेत्र के सूठेपा गाँव में सोमवार तड़के बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों ने बेकाबू होकर जमकर उत्पात मचाया। तेज धमाकों से ग्रामीणों में दहशत फैल गई, वहीं चालक अपने वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पाँचों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अलसुबह बड़लियास से चित्तौड़ जिले की ओर जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का काफिला सूठेपा गाँव की तंग गलियों में घुस गया। तेज रफ्तार के चलते चालक वाहन काबू में नहीं रख पाए और एक मकान की दीवार व गेट तोड़ डाला, वहीं दूसरी ओर बिजली के खंभे को टक्कर मार दी। अचानक हुए हादसों से लोग घरों से बाहर निकल आए और वाहनों की ओर दौड़े। भीड़ देख चालक मौके से भाग खड़े हुए।

ग्रामीणों ने तुरंत बड़लियास थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने वाहनों को जब्त कर लिया और मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू की।

घटना के बाद लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

उनका कहना है कि गाँव से रोजाना बजरी से लदे ट्रैक्टर गुजरते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से माँग की है कि गाँव में बजरी वाहनों का गाँव में प्रवेश रोका जाए और दोषी चालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।


'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959


Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# बिजौलिया में दिनभर झमाझम, सड़कें बनी तालाब

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**



कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में सोमवार को सुबह से देर शाम तक झमाझम बारिश का दौर जारी रहा। कहीं रिमझिम तो कहीं तेज बरसात ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया।
निचले इलाकों और गलियों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया, जिससे आवागमन बाधित हो गया। कई स्थानों पर सड़कें पूरी तरह जलमग्न हो गई और लोग घंटों परेशानी झेलते रहे। बाजारों में कीचड़ फैलने से पैदल राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे रास्ते दलदल में तब्दील हो गए।

# मांडलगढ़ में वोट चोरी के विरोध में एनएसयूआई का प्रदर्शन, पोस्टकार्ड अभियान से उठाई आवाज़





**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**

कथित वोट चोरी के विरोध में सोमवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मांडलगढ़ में जोरदार प्रदर्शन किया और लोकतंत्र में पारदर्शिता की मांग उठाई। आंदोलन का नेतृत्व शिव चरण माथुर राजकीय महाविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष अभिषेक दाधीच ने किया, जबकि नव-निर्वाचित जिलाध्यक्ष सम्पत गुर्जर भी शामिल हुए।
इस मौके पर पंचायत समिति प्रधान जितेंद्र कुमार मूंदड़ा, नगरपालिका उपाध्यक्ष जफर टांक व अन्य जनप्रतिनिधियों ने सम्पत गुर्जर का अभिनंदन किया। द्धप्रदर्शन के दौरान राष्ट्रपति के नाम पोस्टकार्ड अभियान चलाकर चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता की मांग उठाई गई। गुर्जर ने कहा कि एनएसयूआई छात्रों और युवाओं की वास्तविक आवाज़ बनकर लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए संघर्ष जारी रखेगी।प्रदर्शन में मांडलगढ़, पंचायत समिति सदस्य धनराज जाट, नगरपालिका पार्षद अरुण व्यास, रफीक टांक, अशोक वैष्णव, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष जगदीश गुर्जर, अजीत सिंह, मांगीलाल, अजयराज, सीताराम गुर्जर, शंकर मीणा, किशन साहू, दिलखुश जाट, जयदीप सिंह, रवि सुथार, सपना आमेटा, फारूक, रेहान मंसूरी सहित बड़ी संख्या में छात्र और कार्यकर्ता शामिल हुए।

# भीलवाड़ा में शिव महापुराण कथा का पोस्टर विमोचन




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

संकटमोचन हनुमान मंदिर में सोमवार को प्रयागराज के लेटे हनुमानजी मंदिर के महंत बलवीरगिरी महाराज ने 9 से 15 सितम्बर तक होने वाली श्री शिव महापुराण कथा के पोस्टर का विमोचन किया। कार्यक्रम महंत बाबूगिरी महाराज के सानिध्य में हुआ। महंत बलवीरगिरी ने कथा आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि भीलवाड़ा में सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए यह ऐतिहासिक आयोजन साबित होगा। इस मौके पर कथा आयोजन समिति के पदाधिकारी, मंदिर ट्रस्ट सदस्य व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।
कथा आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने तैयारियों की जानकारी दी और बताया कि विधायक अशोक कोठारी के नेतृत्व में व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कार्यक्रम का संचालन पंडित अशोक व्यास ने किया।

# कोटड़ी में ज्योतिबा फुले सर्किल पर मूर्ति स्थापना

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेंद्र बबलू पोखरना**





सामाजिक महान पुरोधा महात्मा ज्योतिबा फुले की स्मृति में कोटड़ी-सवाईपुर मार्ग स्थित जीएसएस गोदाम के पास नव निर्मित सर्किल पर सोमवार को दोपहर 12-15 बजे प्रतिमा स्थापना की गई। पंडित विष्णु शर्मा के मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंचायत समिति कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा रहे।
विशिष्ट अतिथि के रूप में मदनलाल सोपरीया, गोपाल श्रीवाल, बंसी मोरी, कन्हैयालाल, दुर्गालाल माली एवं जमनालाल डीडवानिया मौजूद रहे। अध्यक्षता ओंकार गुलगांवा ने की। इस अवसर पर माली सैनी विकास संस्थान के प्रदेश महासचिव सम्पत माली ने ज्योतिबा फुले के समाज सुधार एवं शिक्षा क्षेत्र में योगदान पर प्रकाश डाला।
संगोष्ठी को जिला अध्यक्ष योगेश गहलोत व राजकुमार गोयल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में संस्थान के संरक्षक शंकरलाल, जगदीश जजावरा, छीतर लावड़ा, भेरू सौंपरिया, श्रीराम सैनी सहित समाज के गणमान्यजनों ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया।
समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, पूर्व जिला परिषद सदस्य धर्मचंद जीनगर, पुलिस उपाधीक्षक रविंद्र सिंह यादव, थाना प्रभारी महावीर प्रसाद मीणा समेत अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में माली समाज के महिला-पुरुष शामिल हुए।

# प्रदेश के विद्यार्थियों में बढ़ेगी मतदाता जागरूकता

**निर्वाचन विभाग व स्कूल शिक्षा विभाग के बीच ऐतिहासिक एमओयू**



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राज्य के विद्यार्थियों को मताधिकार और नैतिक मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए सोमवार को शासन सचिवालय, जयपुर में निर्वाचन विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग के बीच ऐतिहासिक एमओयू हुआ। इस पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन और शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग कृष्ण कुणाल ने हस्ताक्षर किए।
इस एमओयू के तहत माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर के सभी विद्यालयों में निर्वाचन साक्षरता क्लब का सुदृढ़ीकरण और गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। शाला दर्पण पोर्टल पर क्लबों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग होगी। अब 17 वर्ष के विद्यार्थियों का अग्रिम पंजीकरण आसान होगा और 18 वर्ष पूर्ण करते ही उन्हें मतदाता पहचान पत्र मिल सकेगा।
मुख्य निर्वाचन अधिकारी महाजन ने कहा कि इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों और निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी देकर भावी मतदाता तैयार करना है। वहीं शिक्षा सचिव कुणाल ने कहा कि इससे विद्यार्थियों में मतदाता शिक्षा और लोकतंत्र के प्रति समझ विकसित होगी।
कार्यक्रम में यूथ चला बूथ नामक त्रैमासिक पत्रिका का भी विमोचन किया गया, जो युवा मतदाताओं और ईएलसी गतिविधियों पर केंद्रित होगी।

# नवग्रह आश्रम बनेगा आयुर्वेद व जैन दर्शन का केंद्र

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



दिगम्बर जैन आचार्यश्री समयसागरजी महाराज के मार्गदर्शन में मोतीबोर का खेड़ा स्थित नवग्रह आश्रम को आयुर्वेद व जैन दर्शन का प्रमुख केंद्र बनाने की तैयारी है। हाल ही में प्रख्यात आयुर्वेदाचार्य वैद्य हंसराज चौधरी ने जबलपुर स्थित पूर्णायु आयुर्वेद चिकित्सालय एवं अनुसंधान विद्यापीठ का निरीक्षण कर सकारात्मक रिपोर्ट दी।
चौधरी ने बताया कि यहां प्राचीन आयुर्वेद को आधुनिक चिकित्सा पद्धति से जोड़कर उत्कृष्ट चिकित्सक तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने छात्रों से संवाद में कैंसर व जटिल रोगों में आयुर्वेद की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।
शीघ्र ही नवग्रह आश्रम सेवा संस्थान के तत्वावधान में राष्ट्रीय आयुर्वेद सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें देशभर के आयुर्वेदाचार्य, शोधकर्ता और जैन समाज के प्रतिनिधि शामिल होंगे। वहीं, अनुसंधान विद्यापीठ का दल नवग्रह आश्रम आकर 487 औषधीय पौधों का अध्ययन करेगा। यह पहल नवग्रह आश्रम को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयुर्वेद और जैन दर्शन का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में अहम कदम साबित होगी।



**QUICK BITES**

## कोटड़ी श्याम मंदिर में हुआ अखंड रामचरितमानस पाठ

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**



चारभुजा मंदिर में 24 और 25 अगस्त को दो दिवसीय अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन हुआ। जय श्री कल्याण मानस मंडल के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कल्याण मल दाधीच के सान्निध्य में वैदिक आचार्यों ने विधि-विधान से पाठ की शुरुआत की। मंदिर प्रांगण जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजता रहा। समापन अवसर पर भजन-कीर्तन संध्या हुई, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने प्रभु श्रीराम के भजनों की प्रस्तुति दी और भक्त झूम उठे। कार्यक्रम का समापन महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## आरएनयू के नेतृत्व में नर्सेस ने नए सीएमएचओ डॉ. शर्मा का स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



राजस्थान नर्सेस यूनियन जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट और ग्रामीण अध्यक्ष हिम्मत जोशी के नेतृत्व में जिलेभर के सैकड़ों नर्सेस ने नए सीएमएचओ डॉ. संजीव शर्मा का मेवाड़ी पगड़ी व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान यूनियन ने नर्सेस की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा।

डॉ. शर्मा ने नर्सेस को चिकित्सा विभाग की रीढ़ बताते हुए आश्वस्त किया कि सभी मांगों का समाधान जल्द होगा और आदेश शीघ्र जारी किए जाएंगे। कार्यक्रम में यूनियन पदाधिकारी व बड़ी संख्या में नर्सेस मौजूद रहे।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# कोटडी श्याम जल महोत्सव की शुरुआत, कवि सम्मेलन व भजन संध्या सहित होंगे कई कार्यक्रम





**भीलवाड़ा फोकस @ कोटडी**

मेवाड़ क्षेत्र के सुप्रसिद्ध धाम श्री कोटड़ी चारभुजा नाथ का जल झूलनी महोत्सव पर विशाल मेले का आयोजन होगा, इस बार बुधवार को जलझूलनी एकादशी होने के कारण विशाल मेले का आयोजन हो रहा है । जिसमें देश और प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्री चारभुजा नाथ के दर्शन कर उनकी निकलने वाली शोभायात्रा में शामिल होंगे । शोभायात्रा में बेवाण में भगवान श्री चारभुजा नाथ की मुख्य निज मूर्ति विराजमान होती हैं । जहां भक्तगण भगवान पर अबीर और गुलाल उड़ाकर भगवान श्री चारभुजा नाथ के दर्शन करते हैं और परिवार में सुख शांति व समृद्धि की कामना करते है । चारभुजा नाथ मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने बताया कि कल रविवार को विशाल रक्तदान शिविर में 911 यूनिट रक्त संग्रहण हुआ, 27 को गणेश पूजन हवन, 29 को देवनारायण भगवान की कथा, 31 को विशाल छप्पन भोग व विद्यालयों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, 1 सितंबर को विशाल कवि सम्मेलन, 2 सितंबर को विशाल भजन संध्या में छोटू सिंह रावणा व गोकुल शर्मा की प्रस्तुतियां, 3 सितंबर को जलझूलनी एकादशी पर प्रातः पूजा, अभिषेक, आरती, प्रसाद वितरण व दोपहर तीन बजे के लगभग कोटड़ी श्याम की विशाल शोभायात्रा शुरू होगी, 15 सितम्बर कोटड़ी श्याम अपने निज धाम पर आगमन एवं पुनः विराजमान दर्शन होंगे ।।



## गोरधा में बिजली विभाग की त्वरित कार्रवाई, बेर के पेड़ से हटाए बिजली के तार

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

उपखण्ड क्षेत्र के गोरधा गांव में सोमवार को बिजली विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पेड़ में फंसे बिजली के तारों को सही किया।

जानकारी के अनुसार गोरधा के वार्ड नंबर 1 में एलटी लाइन के तार बेर के पेड़ की शाखाओं में उलझ गए थे। इससे करंट फैलने और हादसे की आशंका बनी हुई थी। ग्रामीणों ने इस बारे में विभाग को अवगत कराया। सूचना पर सावर बिजली विभाग की एआरटी टीम मौके पर पहुंची और बेर की फंसी शाखाओं को हटाकर तारों को व्यवस्थित किया।



## जाट और ज्यानी बने ब्लॉक अध्यक्ष, धोलिया व चाड़ा को युवा अध्यक्ष की जिम्मेदारी

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

जाट छात्रावास व धानेश्वर में आयोजित बैठक में समाजजनों की सर्वसम्मति से शाहपुरा ब्लॉक अध्यक्ष पद पर एडवोकेट रामप्रसाद टांडी जाट और फुलिया कला ब्लॉक अध्यक्ष पद पर पुनः सुरजकरण ज्यानी का चयन किया गया। वहीं युवा अध्यक्ष पद पर शाहपुरा से धर्मीचंद धोलिया और फुलिया कला से बंटी चाड़ा को जिम्मेदारी सौंपी गई।



इस अवसर पर अखिल मेवाड़ जाट महासभा भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष रामेश्वरलाल जाट ने समाज में कुरीतियों को समाप्त कर शिक्षा व एकता पर बल देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं की बड़ी संख्या मौजूद रही।

## ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर, 53 ने किया रक्तदान

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**

दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र, काछोला में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। अरिहंत ब्लड बैंक भीलवाड़ा के सहयोग से आयोजित शिविर में 53 लोगों ने रक्तदान किया।



शिविर का शुभारंभ बीके विजयलक्ष्मी बहन सहित बहनों की उपस्थिति में हुआ। बीके विजयलक्ष्मी ने आध्यात्मिक ज्ञान व राजयोग को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र व सम्मान पत्र प्रदान किए गए।

## काछोला में डिवाइडर पर पौधारोपण, कस्बे की सुंदरता निखरी

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**

ग्राम पंचायत काछोला ने पर्यावरण संरक्षण और सौंदर्यकरण की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए मुख्य बाजार से बस स्टैंड तक डिवाइडर पर पौधारोपण किया। बाईपास चौराहे से लेकर बस स्टैंड तक किए गए इस कार्य से कस्बे में हरियाली का वातावरण बन रहा है। ग्रामीणों ने पंचायत के कार्यों की सराहना की है । प्रशासक रामपाल बलाई ने बताया कि ÷निर्मल ग्राम पंचायत काछोला को सौंदर्य ग्राम पंचायत बनाने का संकल्प है। आने वाले समय में हर गली, चौक और सार्वजनिक स्थल को हरियाली से सजाया जाएगा।



## भीलवाड़ा प्रेस सोसायटी की मनोनीत कार्यकारिणी भंग, जल्द होगा पुनर्गठन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

प्रेस सोसायटी की मनोनीत जिला कार्यकारिणी को जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह गोखरू ने तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। महासचिव शहजाद खान ने बताया कि कोरोना काल 2020-22 के कारण सोसायटी की गतिविधियां ठप हो गई थीं। अब पुनः सदस्यता अभियान चलाकर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि 1 से 10 सितंबर तक सदस्यता अभियान चलेगा, जिसमें जिलेभर के क्रियाशील पत्रकार, साहित्यकार, संपादक व संवाददाताओं को जोड़ा जाएगा।

इसके बाद शीघ्र ही नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।

BHILWARA PRESS SOCIETY Estd. - 2002 BHILWARA (RAJ.)

# सरदार नगर में भादवी बीज पर बाबा रामदेव जी की शोभायात्रा निकली

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**

क्षेत्र के सरदार नगर गांव में भादवी बीज के अवसर पर बाबा रामदेव जी का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बाबा रामदेव जी के बेवाण के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



शोभायात्रा बाबा रामदेव मंदिर से प्रारंभ होकर सदर बाजार, गाड़री मोहल्ला होते हुए गांव के तालाब तक पहुंची। वहां बाबा रामदेव जी की मूर्तियों का स्नान कराया गया और तालाब की पाल पर भजनों की प्रस्तुतियां दी गईं।

इसके बाद यात्रा कुम्हार मोहल्ला और जोशी मोहल्ला से होते हुए पुनः बाबा रामदेव मंदिर में संपन्न हुई।

# बाबा रामदेव जयंती पर रेगर समाज की भव्य शोभायात्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

श्री बाबा रामदेव जी की जन्म जयंती के उपलक्ष में सोमवार को रेगर समाज की ओर से नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा बाबा रामदेव मंदिर से प्रारंभ होकर कोली मोहल्ला, रावला चौक, मुरली मनोहर मंदिर, फूटा कोट, तैजा जी का चौक और आनंद भवन की गलियों से होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण पहुंची।




मंदिर पहुंचने के बाद आरती संपन्न हुई और सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के गणमान्यजन और सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन में सचिव सुरेश, मांगीलाल, कैलाश, घीसीलाल, कमलेश, प्रकाश, ताराचंद, मोहन, फूलचंद, भेरु, बबलू , अजय,यश, उदयलाल, पूरणमल, राजू सहित कई समाजबंधु मौजूद रहे।

# लगातार बारिश से मुंशी स्कूल की दीवार गिरी, बड़ा हादसा टला

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**

क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन के साथ-साथ शैक्षणिक संस्थानों को भी प्रभावित करना शुरू कर दिया है। मुंशी ग्राम पंचायत के भीलों का खेड़ा स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय की करीब 100 फीट लंबी चारदीवारी सोमवार को अचानक ढह गई।

गनीमत रही कि विद्यालय में अवकाश होने से छात्र-छात्राएं मौजूद नहीं थे, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। विद्यालय के प्रिंसिपल गोविंद प्रसाद गुप्ता ने बताया कि बची हुई दीवार भी जर्जर स्थिति में है, जो किसी भी समय गिर सकती है।



# भादवी छठ पर ढ़ेलाणा बालकदेव के छप्पनभोग व प्रभात फेरी

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव )**- कस्बे के निकटवर्ती ढ़ेलाणा गांव में भादवी छठ के पावन पर्व पर चारभुजा नाथ मंदिर के पास बालक देव जी मंदिर पर छप्पन भोग व हरि बोल प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा । भोपाजी अम्बालाल जाट ने बताया कि भादवी छठ पर देवनारायण भगवान के मंदिर पर छप्पन भोग का आयोजन किया जाएगा, प्रातः 7:30 बजे प्रभात फेरी के साथ देवनारायण भगवान, माता जी के झंडे के साथ चारभुजा नाथ का बैवाण गांव में भ्रमण को प्रस्थान करेगा । वही सुबह 11: 15 बजे महा आरती की जाएगी, इसके बाद प्रसादी का वितरण की जायेगी ।।



# बारिश के चलते होलीरड़ा में कच्चा मकान ढहा, बड़ा हादसा टला

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(जसवंत पारिक / रमेश चंद्र डाड)**। कस्बे के निकटवर्ती होलीरड़ा गाँव में रविवार रात अचानक एक कच्चा मकान ढह गया। लगातार बारिश के चलते यह हादसा हुआ।

स्थानीय निवासी प्रताप जाट ने बताया कि रात्रि का समय होने से मकान के भीतर या आसपास कोई मौजूद नहीं था, जिसके कारण बड़ा हादसा टल गया। वहीं घटना की जानकारी स्थानीय पटवारी को दे दी गई है। गाँववासियों का कहना है कि क्षेत्र में कई पुराने और जर्जर मकान बारिश के चलते खतरे में हैं। प्रशासन को ऐसे मकानों की पहचान कर आवश्यक कदम उठाने चाहिए ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।



# पुर ग्राम सेवा समिति की वार्षिक आमसभा में किसानों के हित में पारित हुए कई प्रस्ताव

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

उपनगर पुर ग्राम सेवा सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा सोमवार को समिति परिसर में संपन्न हुई। बैठक में किसानों की सुविधा और कृषि उत्पादन बढ़ाने को लेकर कई अहम प्रस्ताव पारित किए गए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष दिनेश कुमार छीपा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद लाभ शंकर चौबे तथा सहकारी बैंक भीलवाड़ा से



अधिकारी लाला राम बारेठ उपस्थित रहे। मंच पर समिति उपाध्यक्ष भंवर जाट और सभी निदेशकगण मौजूद रहे।

सभा में किसानों को नई योजनाओं की जानकारी दी गई और उन्हें बेहतर तकनीक अपनाकर अधिक फसल उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उपस्थित किसानों ने प्रस्तावों का स्वागत करते हुए समिति के प्रयासों की सराहना की।

## QUICK BITES

# शोभायात्रा में गूंजे बाबा रामदेव के जयकारे

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**



कस्बे के गेणोली गांव में सोमवार को बाबा रामदेव जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर रेगर समाज की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा सदर बाजार से होती हुई बाबा रामदेव मंदिर परिसर तक पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालु शामिल होते गए। महिला-पुरुष बाबा के जयकारे लगाते हुए नाचते-गाते चल रहे थे।

मंदिर परिसर पहुंचकर बाबा रामदेव की पूजा-अर्चना की गई और प्रसाद का भोग लगाकर भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया।

# बाबा रामदेव जी की शोभायात्रा निकाली

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ**



**महावीर वैष्णव** - कस्बे सहित क्षेत्र में सोमवार को बाबा रामदेव जी महाराज की भादवी बीज के अवसर पर रैगर समाज,बलाई समाज ने शुभ मुहुर्त में बाबा रामदेव जी महाराज की शोभायात्रा निकाली।शोभायात्रा रामदेव जी महाराज के मंदिरों से प्रारंभ हुई जो कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए मंदिरों पर पहुंची। भादवी बीज पर बाबा रामदेव जी की जयंती महोतसव पर डी जे की धुन पर पुरुष, महिला ,बालक बालिकाओं ने बाबा के भजनों पर थिरकते झूमते हुए नजर आए।वहीं शोभायात्रा में जगह जगह पुष्प वर्षा की गई ।शोभायात्रा मंदिरों पर पहुंची जहां महाआरती कर भक्तो को प्रसाद वितरण की।

# ग्रामीण अंचलों में श्रद्धा और उत्साह से मनाया बाबा रामदेव जन्मोत्सव

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**



**(जसवंत पारीक)**। कस्बे सहित आसपास के गांवों होलीरड़ा, गेगा का खेड़ा, चांदगढ़, नाहरगढ़, रानीखेड़ा, गेतापारोली, सोपुरिया, श्रीपुरा, दोवनी व जीवा का खेड़ा में सोमवार को बाबा रामदेवजी का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

जन्मोत्सव से पूर्व रात्रि को जागरण का आयोजन हुआ। सुबह विभिन्न गांवों में शोभायात्राएं निकाली गईं। कस्बे में रेगर समाज की ओर से बाबा रामदेव मंदिर से सुबह 10:15 बजे शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जो मुख्य मार्गों से होते हुए बनास नदी किनारे पहुंची। वहां विशेष पूजा-अर्चना की गई।

दोपहर बाद शोभायात्रा वापस मंदिर पहुंची और शाम 4:15 बजे विशेष आरती के साथ समापन हुआ। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# भादवी बीज पर धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव )**- कस्बे के निकटवर्ती चावंडिया गांव में भादवी बीज पर बाबा रामदेव की जयंती धूमधाम से मनाई गई । रामदेवजी की जयंती पर निकाली शोभायात्रा का जगह - जगह पुष्प वर्षा का स्वागत किया । शंकरलाल बैरवा ने बताया कि भादवी बीज पर बाबा रामदेव की जयंती पर रामदेवजी के मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रतिमा का विशेष श्रृगार किया गया । रामदेव मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर पर पहुंची । डीजे व ढोल नगाड़े के साथ शोभायात्रा में महिला पुरुष भजनों पर नाचते गाते हुए चले । उसके साथ ही युवा बाबा की जय जय कार करते चल रहे थे ।।



स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।